


MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक171 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 17 मार्च 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-2 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

## आप सभी की मेहनत से लोकसभा में मिलेगी ऐतिहासिक जीत - कुलस्ते





सिवनी यशोः- देश में 2014 से सत्ता में आई नरेन्द्र मोदी सरकार ने जनकल्याण और विकास के कार्यो को तीव्रता करते हुये देश में अपना विश्वास बनाया है और दुनिया में भारत का गौरव स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कार्य करने वाली सरकार ने देश की गरीब जनता को जनकल्याण की योजनाओं की राशि शत प्रतिशत पहुँचाने और विकास कार्यो की राशि से पारदर्शी विकास का जो कार्य किया है, उससे बिचौलियों की दुकानदारी बंद होगयी है। जनकल्याण और विकास के कार्य धरातल पर दिखाई दे रहे है और इसी का परिणाम है कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के प्रति स मान प्रगट किया है। 2019 के लोकसभा चुनाव और मध्यप्रदेश में हुये विधानसभा चुनाव में पहले से अधिक बहुमत दिया है तथा आगामी लोकसभा चुनाव में पूरे देश में भाजपा को भारी बहुमत मिलने का सुखद वातावरण बना हुआ है। मंडला लोकसभा से भी आप सभी की मेहनत ऐतिहासिक जीत दर्ज करायेगी जिसका आभास इस क्षेत्र में बने वातावरण और जिले के कुशल नेतृत्वकर्त्ता आलोक दुबे के नेतृत्व में हो संगठनात्मक कार्यो से दिखाई दे रहा है। इस आशय की बात केन्द्रीय राज्य मंत्री और मंडला लोकसभा से आठवीं बार भाजपा के प्रत्याशी बनाये गये फग्गनसिंह कुलस्ते ने शनिवार को लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विधानसभा केवलारी के सभी छह मंडलों के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तायों की एक आवश्यक चुनावी बैठक में शिव शक्ति सेलिब्रेशन पलारी उपस्थित कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुये कही।

लोकसभा चुनाव के तारत य में आयोजित इस बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता वेदसिंह ठाकुर, लोकसभा के संयोजक मण्डला जिला भाजपा के महामंत्री प्रफुल्ल मिश्रा, भाजपा जिला मंत्री अजय डागोरिया, गजानंद पंचेश्वर, जयदीप सिंह चोहान सहसंयोजक मुकेश बघेल, विधानसभा केवलारी के संयोजक प्रदीप राय भाजपा उपाध्यक्ष नवल किशोर श्रीवास्तव श्रीमती निर्मला ठाकुर सहित भाजपा वरिष्ठ नेता, मंडल अध्यक्षगण और मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा ने मंदिर के साथ जनता का मन बनाया है
## भाजपा की जीत व्यापक जनकल्याण और राष्ट्र के गौरव के लिये आवश्यक - आलोक



लोकसभा चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि सिवनी जिले की विधानसभाओं से बड़ी जीत दर्ज कराने का हमारा इतिहास रहा है इस इतिहास को अक्षुण्य रखने के लिये हमें पूरी ताकत से जुटना है। वर्तमान समय में हमारे प्रतिद्वंदी राजनैतिक दल कांग्रेस सहित अन्य राजनैतिक दलों का बुरा हाल है कोई भी भाजपा के सामने टिकने लायक नहीं बचे है पूरा देश मोदी जी की जयजयकार कर रहा है। कांग्रेस का विश्वास समाप्त हो रहा है कांग्रेस के लोग बड़ी सं या में भाजपा में शामिल हो रहे है जिसका मु य कारण भाजपा की रीति नीति है और भाजपा जो कहती है वह करती है। भाजपा ने जनकल्याण, विकास और जनभावनाओं के अनुसार काम करते हुये देश का दुनिया में स मान बढाया है। पूरे देश की जनता का मन जीता है। भाजपा के नाम पर भ्रम फैलाने वालो की बोलती बंद कर दी है। पाँच सौ वर्षो से संघर्ष जिस राम मंदिर के लिये चल रहा था मोदी सरकार ने उस संघर्ष की स्थिती को समाप्त कर राष्ट्रीय गौरव की स्थापना करते हुये अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण कराया और ज मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्त किया और पूरे देश में शांति बनी रही है जिसकी दुनिया सराहना कर रही है, जबकि भाजपा विरोधी भ्रम फैलाते रहे कि देश का माहौल बिगड़ जायेगा।

श्री दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने देश में गौरवशाली मंदिर बनाने के साथ ही आमजनता का मन बनाने और उनका विश्वास जीतने के लिये जो ऐतिहासिक कार्य किये है उससे पूरा देश खुशहाली के गीत गा रहा है। मोदी सरकार ने किसान, मजदूर, व्यापारी, मातृशक्ति, नवयुवक सभी वर्गो का ध्यान रखते हुये सभी को आर्थिक समृद्धि के रास्ते पर चलने का अवसर दिया है और ऐसे असं य कारण है जो भाजपा के प्रति आमजनता को आकर्षित कर रहे है। अब जरूरत है कि हम आमजनता के बीच जाये और राष्ट्र के व्यापक कल्याण के लिये जनता से वोट मांगे तथा भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने में पूरी ताकत लगा दें। श्री दुबे ने कहा कि इतना विश्वनीय नेतृत्व मिलना किसी वरदान से कम नहीं है हम भाजपा की जीत दिलाने के लिये जो कार्य करने वाले है और संगठन नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार कार्य कर रहे है, वह राष्ट्रहित में किया जाने वाला कार्य है और यह हमारा सौभाग्य है कि हमें यह अवसर मिला है।

## राम नवमी की तैयारी को लेकर बैठक आज



सिवनी यशोः-नगर मु यालय में वर्षो से भगवान राम जी के जन्मोत्सव पर विभिन्न आयोजन किये जाते है ,तीन दिवसीय इस आयोजन को भव्य रूप प्रदान करने के लिए तैयारी आरभ हो गई है। श्री राम मन्दिर ट्रस्ट सिवनी गांधी चौक द्वारा आगामी रविवार दिनांक 17 मार्च को श्री राम दरबार की स्थापना ,सहित अन्य कार्यक्रम की रुपरेखा बनाने के लिये एक बैठक रात 8 बजे श्री रन्त मंदिर परिसर गांधी चौक में रखी गई है। ट्रस्ट ने इस बैठक में नगर के सभी सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक सघटनो, व हिन्दुधर्मियो से उपस्थित होकर कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिय सुझाव दिए जाने का विनम्र अनुरोध किया है।

## वार्ड क्रमांक 1 के लाभार्थियों को नगर परिषद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष द्वारा आवासीय पट्टा दिया गया

छपारा यशोः-नगर परिषद छपारा की अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश



पटेल नगर परिषद के उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह जी नगर परिषद वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद उईके जी पार्षद राकेश भारद्वाज पार्षद श्रीमती निर्मला पप्पू ठाकरिया पार्षद धर्मेंद्र जेन एवं नगर परिषद के सी एम ओ की उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 1 के लाभार्थियों को आवासीय पट्टा वितरण किया गया वार्ड क्रमांक 1 के लाभार्थियों ने आवासीय पट्टा मिलने पर हर्ष व्याप्त किया है। नगर परिषद द्वारा विगत वर्षो से माननीय प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी की प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन के लिए भूमिहीन एंव आवास हीन पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना से जोड़ने के लिए आवासीय पट्टा वितरण किया जा रहा है जो सराहनीय है।

## शिशु मंदिर परिवार ने मनाया जिला सचिव विनीत अग्रवाल का जन्म दिन




सिवनी यशोः- सिवनी नगर के धार्मिक,सामाजिक क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय रहने वाले विद्याभारती जिला सिवनी के जिला सचिव रजवाडा लॉन के संचालक, गौ प्रेमी विनीत अग्रवाल(मंटू भैया) का जन्म दिन हर्षोल्लास के वातावरण में सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी के आचार्य परिवार द्वारा मनाया गया। आयोजन में अध्यक्ष श्री दीपक साहू, व्यवस्थापक नितिन चैधरी, छिन्दवाडा विभाग समन्वयक चुन्नीलाल बोपचे, प्राचार्य ओमप्रकाश यादव सहित समस्त आचार्य परिवार के द्वारा मंटू भैया को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएॅ देते हुए उनके यशस्वी उज्जवल भविष्य की कामना की। विनीत जी का समस्त उपस्थितजनों द्वारा तिलक चंदन वंदन से अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। उपस्थित विभाग समन्वयक श्री बोपचे, व्यवस्थापक नितिन चैधरी ने उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके सेवाभावी एवं उदार स्वभाव की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अपने उद्बोधन में श्री अग्रवाल ने अपने जीवन निर्माण में सरस्वती शिशु मंदिर के योगदान की चर्चा करते हुए आशा व्यक्त की, कि विद्यालय अपने गौरवमयी स्वरूप को बनाए रखते हुए दिन प्रतिदिन उन्नति के शिखर को छुएगा।

## पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल से ली ग्रामीणो ने भाजपा की सदस्यता
### भाजपा की रीति नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी सं या में ग्रामीण जनप्रतिनिधि भाजपा में हुये शामिल



सिवनी यशो :- मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गुरूवार को लोकसभा चुनाव की दृष्टि से सिवनी जिले के अनेक स्थानों पर प्रवास किया और इस प्रवास के दौरान उनके साथ लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा से घोषित प्रत्याशी डां. भारती पारधी, सांसद डां. ढालसिंह बिसेन बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे बरघाट विधानसभा प्रभारी डॉं. अभिजीत चौहान श्रीमती मीना बिसेन सहित जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री पटेल ने ऐतिहासिक आष्टा मंदिर से अपना प्रवास का कार्यक्रम प्रारंभ किया।

पटेल ने अपने इस प्रवास के कार्यक्रम के दौरान बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत गंगेरूआ मंडल में सहभागिता की इस अवसर पर गंगेरूआ मंडल क्षेत्र के अनेक सरपंच और प्रतिष्ठितजनों ने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने भाजपा परिवार से जुड़े नये सदस्यों को भाजपा का दुपट्टा पहना कर उनका स्वागत किया। इसी तरह धारना मंडल के धारना एवं पौनार में आयोजित हितग्राही संवाद कार्यक्रम में सरपंच दुर्गेश्वरी राहंगडाले एवं उनके पति दयानंद राहंगडाले के साथ अनेक महिला पुरूषों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके पश्चात बरघाट नगर के आदर्श लॉंन में आयोजित कोहार्ट मिलन कार्यक्रम में कैबीनेट मंत्री श्री पटेल के हस्ते अनेक व्यक्तियों ने भाजपा की सदस्यता की। भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने सभी नव आगन्तुक सदस्यों का स्वागत किया।

**नवीन सदस्यता प्रभारी सुजीत जैन ने सिवनी में उपस्थितजनों को प्रदान की भाजपा की सदस्यता**

गुरूवार को ही जिला भाजपा कार्यलय में सदस्यता का बड़ा कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें नवीन सदस्यता प्रभारी सुजीत जैन ने उपस्थित जनों को सदस्यता प्रदान कर उन्हें भाजपा परिवार में शामिल किया इस कार्यक्रम में भी कैबिनेट मंत्री श्री पटेल को शामिल होना था परंतु अनेक स्थानों में आयोजित कार्यक्रम में बहुत अधिक बिलंब होने के कारण सिवनी के कार्यक्रम में वे शामिल नहीं हो सके। सिवनी के आयोजित कार्यक्रम में नवीन सदस्यता प्रभारी सुजीत जैन, भाजपा जिला महामंत्री अजय डागोरिया, ओमप्रकाश तिवारी, महिला मोर्चे की जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उईके, श्रीमती निर्मला ठाकुर, निरंजन मिश्रा, अनूप मिश्रा ने प्रेम डहेरिया, श्रीमती आरती सिंह, शेष कुमारी, गीता डहेरिया, ग्यारसी डहेरिया, विनीता डहेरिया, शांति पंद्रे, दीपाली वर्मा, आशीष नगपुरे आर्चीपुरम, महेन्द्र सिंह बघेल, आरके रत्नेश शांति लाल नगपुरे, दादू समरेन्द्र सिंह, श्रीमती आरती सिंह, चंद्रपालसिंह , दीपसिंह तेकाम, आरती धुर्वे, आशोक धुर्वे, भरत लाल पटले, रविशंकर ठाकुर, त्रिवेणी कर्वेती, रामदेवी ठाकुर, रानू वर्मा प्रियादेवी, फूलवती बाई सहित अनके व्यक्ति भाजपा परिवार में शामिल हुये। सभी सदस्यों का भाजपा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएँ दी।

## भूख हड़ताल

सिवनी यशोः- जिले भर के जनपद सदस्यो ने 15 मार्च से भूख हड़ताल शुरू कर दी है। सदस्यों की मांग है कि बीते लगभग 02 वर्षो से 15वें वित्त की राशि अभी तक ग्राम पंचायतो में नहीं दी गई है। जबकि वर्ष 2021-22 एवं 23-24 की कार्ययोजना टी.एस. (तकनीकी स्वीकृति) हो चुकी है। ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व जनपद सदस्यों ने समस्याओं के निवारण के लिए अल्टीमेटम दिया था।


## जबरन नॉलेज




## वरिष्ठ इंका नेता आशु भैया अब नहीं रहे हमारे बीच
### अंतिम यात्रा सोमवार को प्रातः 10 बजे उनके निज निवास अंबिका सदन से निकलेगी

सिवनी यशोः - प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ इंका नेता 71 वर्षीय आशुतोष वर्मा ( आशु भैया ) का आज शनिवार प्रातः 8:00 बजे हृदय गति रूक जाने से दुखद निधन हो गया है। श्री वर्मा का अंतिम यात्रा सोमवार 18 मार्च को प्रातः 10:00 बजे उनके निज निवास अंबिका सदन पालीटेर्कि नक कालेज के पीछे बारापत्थर से कटंगी रोड स्थित मोक्षधाम के लिये प्रस्थान करेगी। श्री वर्मा अपने पीछे पत्नि सहित एक पुत्र एवं पुत्री, भाई - बहिन एवं भतीजा तथा नाती - पोतो से भरा पूरा परिवार शोककुल छोड़ गये है।

आशु भैया के नाम से पहचाने जाने वाले आशुतोष वर्मा की राजनैतिक पृष्ठिभूमि कांग्रेस की रही है। श्री वर्मा ने अपना राजनैतिक सफर छात्र राजनीति से प्रारंभ किया था। वर्ष 1977 और 1980 के मध्य वे युवक कांग्रेस के जिला सहित प्रदेश स्तर तक के विभिन्न पदों का



उन्होंने बखूबी निर्वाहन किया। इस दौरान तत्कालीन प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष दिग्विजय सिंह के साथ भोपाल में जनता सरकार के विरूद्ध किये गये आंदोलन में वे जेल भी गये। इसी दौरान उन्होंने सिवनी में भी युवक कांग्रेस का झंडा बुलंद करते हुये अनेक आंदोलन किये और गिर तारी दी। इसी कार्यकाल में श्री वर्मा ने एल एल बी की उपाधि भी हासिल कर ली थी तथा अपने पिता प्रसिद्ध सिविल लायर ओपी वर्मा के साथ प्रॉ टस भी की।

दिवंगत श्री वर्मा वर्ष 1988 से जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नियुक्त किये गये उस समय जिला कांग्रेस कमेटी में एक ही महामंत्री हुआ करता था, उन्होंने तीन टर्म इस दायित्व का कुशलता के साथ निर्वाहन किया। राजनैतिक क्षेत्र में सक्रियता एवं कांग्रेस के प्रति समर्पण को देखते हुये पार्टी द्वारा वर्ष 1993 एवं 1998 के विधानसभा चुनाव में इन्हें सिवनी विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया। वे कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रशिक्षक भी रहे। सन 2013 में उन्हें प्रदेश प्रतिनिधि का दायित्व भी सौंपा गया। वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष थे।

श्री वर्मा की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में गहरी रूचि थी, उन्होंने इस क्षेत्र से जुड़े साथियों एवं पत्रकार मित्रों के साथ मिलकर सदभाव नामक एक संस्था का गठन 1997 में किया। इस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष जिले की गंगा जमनी तहजीब के अनुरूप किया जाने वाला कवि स मेलन आज भी लोगो की सुखद स्मृति है। इसके अलावा श्री वर्मा के नेतृत्व में जमुनिया (कटंगी) में आई प्राकृतिक आपदा में संस्था द्वारा पीडितो की मदद की गयी, शहीद बिंदू कुमरे की स्मृति को अक्षुण्य बनाये रखने के लिये उनके ग्राम जावरकाठी में एक स्मारक भी बनाया गया। इसके अलावा संस्था द्वारा अन्य साहित्यिक गतिविधियों का संचालन भी जारी रहा। दिवांगत श्री वर्मा की पत्रकारिता में भी प्रारंभ से रूचि रही है वर्ष 1985 से फ्रीलांसर पत्रकारिता की। उन्होंने साप्ताहिक समाचार पत्र दर्पण झूठ न बोले का नियमित प्रकाशन भी किया। इस समाचार पत्र में जिले की राजनैतिक डायरी लिखा करते थे वह पाठकों के लिये रोचक सामग्री थी।

वर्तमान में वे पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय विमल वर्मा द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं के स मान हेतु गठित दो न्यास केपी वर्मा स्मृति न्यास एवं श्रीमती लक्ष्मी वर्मा स्मृति न्यास के अध्यक्ष थे। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे आज हृदय गति रूक जाने से उनका दुखद निधन हो गया। उनके निधन का समाचार सुनते ही उनके स्नेहीजनो, शुभचिंतको, समर्थको एवं राजनैतिक मित्रों और साथियों में शोक की लहर छा गयी।

## मैने अपना एक घनिष्ठ साथी खो दिया - डॉं. बिसेन



सिवनी यशो :- वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशुतोष वर्मा के निधन का समाचार सुनते ही बालाघाट सिवनी सांसद डॉं.ढालसिंह बिसेन तुरंत बिसेन मल्टी स्पेशिलिटी हास्पिटल पहुँचे अपने मित्र देखकर का शोकाकुल हो गये। डॉं. बिसेन ने श्री वर्मा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुये कहा कि उन्होंने अपना एक घनिष्ट पारिवारिक मित्र खो दिया है यह उनकी व्यक्तिगत अपूर्णिय क्षति है। डॉं. बिसेन ने ईश्वर से दिवंगत वर्मा की आत्मा को शांति प्रदान करने और अपने श्री चरणो में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल परिवार को गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# सीएए पर कृपया चुप रहें यूएन और अमेरिका.

## आश्चर्य है कि जिसे भारत और भारत में लागू इस कानून से दूर-दूर तक कोई मतलब नहीं, वह भी भारत सरकार और उसके इस निर्णय की बिना गहराई में जाए आलोचना कर रहे हैं ।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

हजारों-लाखों लोगों का वह अह्लादित कर देनेवाला रुदन, जो वर्षों से अनवरत न्याय के लिए चित्कार रहा था। पूछ रहा था कि हमें किस लिए सजा दी गई है? देश का विभाजन तुमने किया, इसमें हमारा` या दोष था? कहना होगा? कि उन सभी की ह्दय वेदना को कई दशक बीत जाने के बाद अब जाकर न्याय मिला है। भारत में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू किया जाना जैसे उनकी वर्षों की तपस्या का परिणाम है। हालांकि इस कानून के लागू होने से यह तो पहले से तय था कि देश में कुछ विरोध के स्वर जरूर उठेंगे, किंतु विदेशों में भी इसके विरोध की होड़ लगेगी, इसका इतना अंदाजा किसी को नहीं था! कम से कम यूएन और अमेरिका से तो यह उमीद नहीं की जा सकती थी।

आश्चर्य है; यह जानकर कि जिसे भारत और भारत में लागू इस कानून से दूर-दूर तक कोई मतलब नहीं, वह भी भारत की मोदी सरकार और उसके इस निर्णय की बिना गहराई में जाए आलोचना कर रहे हैं । सबसे ज्यादा संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और अमेरिका से शासन स्तर पर आई प्रतिक्रियाएं परेशान करती हैं।` ?यों कि अभी कुछ दिन पहले ही भारत और अमेरिका के बीच होमलैंड सि योरिटी डायलॉग (एचएसडी) को पूरा किया गया । जिसमें कि अमेरिका ने भारत की भरपूर प्रशंसा की । यही स्थिति यूएन की है, जहां वह इस बात को कई अवसरों पर स्वीकार्य कर चुका है कि वास?तविक लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता यदि देखना है तो तमाम विविधताओं के बाद भी एकता के लिए भारत से अच्छा कोई उदाहरण नहीं है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी यूएन प्रशंसा कर रहा था

**यूएन भारत की आलोचना कर रहा, लेकिन नहीं बता रहा, कैसे सीएए गलत**

वस्तुत- अब अचानक ऐसा` ?या हो गया जो संयुक्त राष्ट्र को लगने लगा है कि भारत का सीएए कानून ÷मौलिक रूप से भेदभावपूर्ण प्रकृति÷ वाला है! आज संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त की ओर से बोला गया है, ÷हम भारत के नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 (सीएए) को लेकर चिंतित हैं,` योंकि यह मूल रूप से भेदभावपूर्ण प्रकृति का है। साथ ही यह भारत के अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों का उल्लंघन करता है।÷ अब देखिए ; यूएन यहां भारत को इस कानून को लागू करने के लिए कटघरे में तो खड़ा कर रहा है, किंतु यह नहीं बता रहा है कि कैसे भारत का यह नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) किसी के मानवाधिकारों का उल्लंघन करता है?` या संयुक्त राष्ट्र (यूएन) अन्तरराष्ट्रीय संगठन की स्थापना 78 साल पहले 1945 में इसलिए ही की गई थी कि जो राष्ट्र नियमों का पालन करें, विश्वकल्याण में विश्वास करें, उन्हें दबाते रहना है। फिर वह वैचारिक रूप से हो या किसी अन्य प्रकार से । आज यूएन के कल्याणकारी उद्देश्यों को पढ़कर नहीं लगता है कि वह भारत के संदर्भ में इस तरह का वे तव्य देगा। देखा जाए तो यूएन आज " सीएए" पर भारत को घेरने का जो आधार ले रहा है, वह पूरी तरह से अनुचित है।` योंकि इस कानून को लाने के पीछे जो पृष्ठभूमि रही है, उस पर यूएन को पहले गहन चिंतन एवं शोध करना चाहिए था, फिर जाकर अपनी प्रतिक्रिया देता तो अच्छा रहता ।

**यूएन भूल गया, भारत ने स्वैच्छा से चुनी है पंथ निरपेक्षता**

यूएन को भारत के संदर्भ में यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि स्वाधीन भारत ने अपने लिए लोकतंत्र का रास?ता चुना, जिसमें सभी के लिए स्थान समान रूप से रहा। पंथ निरपेक्षता भारत की विशेषता बनी, लेकिन दूसरी ओर भारत से ही अलग हुए पाकिस्तान ने अपने लिए इस्लामिक गणराज्य बनने का रास्ता चुना, जिसमें जो अल्पसं यक रहे, वे आज भी रो रहे हैं । जो शरणार्थी भारत आए, वे ?या अभी अचानक से यहां आ गए हैं माना कि भारत सरकार यह "सीएए" उनके लिए लेकर आ गई लेकिन` ?या इससे पहले नियमानुसार अनुमति लेकर समय-समय पर मुसलमान एवं अन्य जो भी लोग एक बड़ी सं या में दूसरे देशों से भारत आए और उन्होंने नागरिकता लेनी चाही तो` ?या भारत सरकार ने उन्हें वह नागरिकता अभी तक प्रदान नहीं की है ?



**जो नियमों में चलता है, उसके लिए भारत में हमेशा खुले नागरिकता के द्वार**

सोचिए;` या इस इतिहास को यूएन नहीं जानता है! समझने के लिए यहां दो विषय हैं, एक-भारत विभाजन के समय से लगातार चलनेवाली पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान में अल्पसं यकों की दयनीय स्थिति, उनके बीच व्याप्त भय, कन्वर्जन और मौतें । दूसरा - पिछले 78 सालों में भारत में आए मुसलमान और उनको दी गई भारतीय नागरिकता। आप देखेंगे कि जिन?होंने भी भारत की नागरिकता के लिए नियमों का पालन किया, उन्हें सदैव भारत सरकार नागरिकता देती आई है। जिसमें कि पाकिस्तान समेत बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भी कई मुसलमान भारत आए हैं । ऐसे में यूएन को यह समझना चाहिए कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) किसी भी देश के द्वारा दी जानेवाली नियमित नागरिकता से पूरी तरह भिन है!

**यूएन देखे; पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में कौन अल्पसं यक सुखी**

सांस्कृतिक, राजनीतिक और भौगोलिक रूप से भी कभी जो भारत (पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश) एक रहा। उस भारत के विभाजन के परिणाम स्वरूप अन्य इस्लामिक गणराज्यों में पिछले सात दशकों में उनके साथ जो अमानवीय व्यवहार किया गया और अब भी किया जा रहा है, यह उनमें से भारत में शरण लेने आए, पूर्व से रह रहे उन लाखों शरणार्थियों के लिए है, जिनके साथ उनके हिन्दू, बौद्ध, जैन, ईसाई, पारसी, सिख होने के कारण से अत्याचार किए जा रहे थे। वस्तुत- इस मुद्दे पर यूएन को भारत का विरोध करने के पूर्व यह जरूर बताना चाहिए था कि पाकिस?तान, अफगानिस्तान और बाद में बने बांग्लादेश में इस?लामिक सत्ता में कौन अल्पसं यक सुखी हैं ?` या आज यूएन को इन तीनों देशों में हो रहे अत्याचार दिखाई नहीं देते ?

**कश्मीर मुद्दे पर चुप रहता है यूएन, भारत को बदनाम करनेवाली झूठी रिपोर्ट्स पर भी चुप्पी !**

वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र में 193 राष्ट्र स मलित हैं। इसकी संरचना में महासभा, सुरक्षा परिषद, आर्थिक और सामाजिक परिषद, सचिवालय, अन्तरराष्ट्रीय न्यायालय और संयुक्त राष्ट्र न्यास परिषद स मिलित है। एक तरह से आप इसे वैश्विक न्याय संस्था भी कह सकते हैं। किंतु आप देखिए; यह दुनिया की न?याय बॉडी कैसे भारत को टॉर्गेट कर रही है? भारत में घटी छोटी-छोटी घटनाओं को यहां अनेकों बार बहुत बड़ा करके प्रस्तुत किया जाता रहा है। कश्मीर मुद्दे पर यह पाकिस्तान के सामने चुप नजर आती है। जबकि विश?व जानता है कि उसने भारत की 78 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा जमा रखा है।

ग्लोबल हंगर इंडे स जैसी तमाम रिपोर्ट्स में जानबूझकर भारत को कमजोर, गलत और अत्याचार करनेवाला बताया जाता है, जबकि यह भारत की सच्चाई नहीं है, इस पर यूएन कभी इस प्रकार की झूठी रिपोर्ट तैयार करनेवाली अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और उन देशों को लताड़ नहीं लगाता, जहां भारत को कमजोर तरीके से प्रस्तुत करने का षड्यंत्र होता है। भारत को विश?व भर में बदनाम करने के प्रयास होते हैं ।

**यूएन मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रहे देशों पर कब गंभीर होगा**

दुनिया के कई ईसाई और इस्लामिक देश खुल कर मानवाधिकारों का हनन कर रहे हैं, वह भी यूएन को आज दिखाई नहीं देता, उन पर यूएन की कोई एक टिप्पणी नहीं आती है । चीन की वुहान लैब में` या हुआ, यह आज पूरा विश?व जानता है। पूरे विश्व ने एक भयंकर त्रासदी (कोविड-19) वायरस संक्रमण की कम से कम पांच वर्ष लगातार झेली। अनेकों ने अपने परिवार जनों को बिना किसी कारण के गंवाया है और आज भी दुनिया के तमाम देशों में कोरोना का प्रभाव बना हुआ है और मौतें अब भी हो रही हैं । किंतु यह जानते हुए भी यूएन आज तक यह हि ?मत नहीं दिखा पाया कि खुलकर एक बार कह दे कि इस सब के लिए चीन पूरी तरह से दोषी है। दुनिया के कई देशों में जो अब तक लाखों जानें गई वह चीन के कारण से गई हैं!

यह भी देखिए कि कैसे चीन में "उइगर मुसलमानों" की धीरे-धीरे पहचान तक समाप?त की जा रही है। चीन खुलकर दुनिया के सामने मानवाधिकारों का उल?लंघन कर रहा है। वह अपने लिए जा रहे निर्णयों पर इतना स त है कि यहां शिनजियांग क्षेत्र में रह रहे देढ़ प्रतिशत मुसलमानों को एक राजकीय अभियान चलाकर समाप्त कर देने में लगा हुआ है। आतंकवाद के झूठे आरोप लगाकर इन " उइगर मुसलमानों" को चाईना भयंकर सजाएं देता है और बार-बार कहता है कि शिनजियांग क्षेत्र का सामान्यीकरण हो जाना चाहिए, जिसमें किसी को कोई विशेष पहचान न रहे। कई अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स हैं जो यह बताने के लिए पर्याप?त हैं कि पिछले कुछ सालों में ही चीन में लगभग 20 हजार मस्जिदें ढहा दी गईं। यहां मुस्लिमों को उनकी इस्लामिक मान्यतानुसार दाढ़ी बढ़ाने, जालीदार टोपी, हिजाब, बुर्का पहनने की अनुमति नहीं है।

इतना ही नहीं, मुसलमान खुले में कुरान तक का पाठ नहीं कर सकते, इस पर पूर्ण प्रतिबंध है। संयुक्त राष्ट्र स्वयं भी अपनी जांच में इस बात के साक्ष्य जुटाने में सफल हुआ है कि शिनजियांग क्षेत्र में बलपूर्वक श्रम, यौन अत्याचार, लिंग के आधार पर हिंसा, प्रजनन अधिकारों के उल्लंघन, बड़ी सं या में इस्लामिक पूजास्थलों का विनाश किया जाता रहा है और यह सब कुछ अभी भी हो रहा है । लेकिन इतना कुछ जानते हुए भी संयु त राष्ट्र को आप देखिए, वह चीन के मामले में चुप दिखाई देता है

**भारत रहता है मानवता के लिए सदैव तैयार**

कैसा आश्चर्य है ! जो चीन जो मानवाधिकारों को भरपूर उल्लंघन करता है, वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का स्थायी सदस्य है लेकिन भारत एक श्रेष्ठ और सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के साथ ही चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, परमाणु शक्ति संपन्न, प्रौद्योगिकी हब तथा वैश्विक संपर्क की परंपरा वाला शे ति स पन्न राष्ट्र होने के बाद भी आज पिछले कई वर्षों से सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्य का प्राप्त करने के लिए संघर्षरत है ।

जैव विविधता हो, पर्यावरण संरक्षण का विषय हो, मानवीय त्रासदी हो या फिर दुनिया के किसी भी कौने में आई कोई महामारी में मदद के लिए खड़े होने का सवाल हो, हर वे त मानवता की सेवा करने और प्रकृति को बचाने भारत सदैव से नेतृत्व की भूमिका में दिखता है, लेकिन यूएन है कि फिर भी भारत की मोदी सरकार को घेर रहा है, वह भी एक अच्छे निर्णय सीएए के लिए!

वास्तव में इस मामले में तब बहुत अच्छा लगता जब यूएन इस उत्तम निर्णय के लिए भारत सरकर की प्रशंसा करता । इससे अच्छा तब ओर लगता जब यूएन की मु य कार्यकारिणी यूएनएससी में भारत को सदस्यता देने की वैश्विक जरूरत और विस्तार की अनिवार्यता को देखते हुए स्थायी सदस्यता दिलवाने का प्रयास करती नजर आती ।

**अमेरिका का एक निर्णय 57 मुस्लिम देशों को प्रसन्नता से भर देगा, तब वह यों नहीं कर रहा पहल**

यही हाल अमेरिका का नजर आता है, उसके बारे में अे सर पता ही नहीं चलता कि वह कब भारत के साथ खड़ा है और कब नहीं । यदि वह आज भारत को शिक्षा दे रहा है कि %%धार्मिक स्वतंत्रता और स मान सभी समुदायों के लिए कानून के तहत समान व्यवहार लागू करना मूलभूत लोकतांत्रित सिद्धांत है।÷ सीएए को आधार बना बाहर के देशों के मुसलमानों की नागरिकता को लेकर यदि भारत के निर्णय पर यदि अमेरिका अपनी आपत्ति दर्ज कर रहा है, तब उस स्थिति में अमेरिका से यही कहना है कि वह` यों नहीं रोहिंग्या, बांग्लादेशी, पाकिस्तान एवं अन्य देशों के मुसलमानों को बहुतायत में अपने यहां बसा लेता है। वैसे भी उसके देश की जनसं ?या कम है, क्षेत्रफल के बारे में तो कहना ही` या है ! यदि वह ऐसा करता है तो दुनिया के तमाम देश हैं उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। कम से कम दुनिया के 57 मुस्लिम देश तो प्रसन्न हो ही जाएंगे, जिनमें से कई आज भी अमेरिका को अपना शत्रु मानते हैं ।

**ह्यूमन राइट वॉच और एमनेस्टी इंटरनेशनल से भी यही आग्रह है**

इसके अलावा ह्यूमन राइट वॉच और एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसी जितनी भी भारत के बाहर की अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं हैं जोकि आज इस सीएए का विरोध कर रही हैं और इसे मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव करने वाला बता रही हैं। तब उनसे इस संदर्भ में यही आग्रह है कि अच्छा हो, वह अपने-अपने देशों में ऐसे सभी लोगों को नागरिकता प्रदान करवाने के लिए प्रयास करें। वैसे भी ये सभी संस्थाएं मानव मूल्यों, अधिकार, संरक्षण, मानवाधिकारों के लिए काम करते रहने का आए दिन दावा प्रस्तुत ही करती हैं। यदि ये सभी संस्थाएं इनके अपने देशों में दया के पात्र सभी मुसलमानों एवं अन्य अल्पसं यकों को रखवा पाने में सफल होती हैं तो वास्तव में इससे बड़ी इन संस्थाओं के लिए कौन सी उपलब्धि हो सकती है। इनके नजरिए से यह सच्ची मानव सेवा भी हो जाएगी। वास्तव में मानवाधिकारों के समर्थन में यही सबसे बड़ी जीत होगी। कृपया इस संदर्भ में ये सभी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं अभी भारत को उसके अपने हाल पर छोड़ देवें।

# फर्जी डेथ सर्टिफिकेट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में जीवित लोगों के मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर सरकार को एक करोड़ का चूना लगाने वाले एक शातिर गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है. हनुमानताल पुलिस ने इस गिरोह के तीन सदस्यों को गिर तार किया है. इन्होंने 30 से अधिक जीवित लोगों के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजना में करीब एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है.

जबलपुर के एसपी आदित्य प्रताप सिंह को हनुमानताल थाना में एमआईजी 4 आनंद नगर अधारताल निवासी सैयदा रिजवाना रिजवी ने एक लिखित शिकायत की थी. शिकायत में बताया गया था कि साल 2020 में उन्हें न्यू नेता कॉलोनी अधारताल निवासी शहजाद नामक युवक द्वारा ऑनलाइन कियोस्क से मजदूरी कार्ड बनाने की जानकारी मिली. इसके बाद उन्होंने शहजाद से संपर्क किया, तो उसने मजदूरी कार्ड बनवाने के लिए जरूरी दस्तावेज और पांच हजार रुपये मांगा.

**या है पूरा मामला?**

इसके अलावा शहजाद ने शिकायतकर्ता महिला से आईडी, परिवार और उसका आधार कार्ड और पासपोर्ट साइज फोटो भी ले लिया. महिला के अनुसार 6 महीने बाद साल 2021 में शहजाद ने उन्हें कार्ड बनाकर भी दे दिया था. इसी बीच यह जानकारी भी मिली कि शहजाद द्वारा लोगों के मजदूरी कार्ड का गलत उपयोग कर सरकारी योजना की राशि फर्जी तरीके से निकाली जा रही है. इसके बाद संदेह होने पर उन्होंने नगर निगम ऑफिस में पहुंचकर पूरी जानकारी ली. तब उन्हें यह बात मालूम हुई कि उनके मजदूरी कार्ड से ही मृत्यु प्रमाण लगाकर शासकीय योजना की रकम निकाली गई है.

**जांच में हुआ ये खुलासा**

पुलिस ने महिला की शिकायत के बाद विवेचना शुरू की गई. इस दौरान नगर निगम और बैंक से जानकारी प्राप्त की गई. योजना में आवेदन के साथ लगे दस्तावेज से यूनियन बैंक के खाता सं या की जानकारी भी मिली. यह खाता आकिब रफीक के नाम से पाया गया, जिसमें एमपी बिल्डिंग हैदराबाद इले ट्रॉनिक पेमेंट सेल से 8 अगस्त 2022 को 6 हजार और 13 अे टूबर 2022 को दो लाख रुपये आने की जानकारी मिली. वहीं जांच के बाद शेख शहजाद और न्यू आनंद नगर हनुमानताल निवासी आकिब रफीक द्वारा सैयदा रिजवाना के नाम पर सरकारी योजना में धोखाधड़ी का खुलासा हुआ. इसके बाद इनके खिलाफ मध्य प्रदेश भवन और अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल भोपाल द्वारा जारी कार्ड का उपयोग, फर्जी दस्तावेज और जाली मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता का उपयोग कर सामाजिक सुरक्षा के तहत अनुग्रह सहायता राशि 2 लाख औरअंत्येष्टि सहायता राशि 6 हजार कुल मिलाकर कुल 2 लाख 6 हजार रुपये प्राप्त कर धोखाधड़ी उजागर होने पर मामला दर्ज किया गया.

**40 फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जब्त**

हनुमानताल टीआई मानस द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी शेख शहजाद को कस्टडी में लिया. इसके बाद उसने आकिब रफीक से आधार कार्ड और बैंक पासबुक में एडिटिंग कराना. साथ ही उक्त दस्तावेज मो. सद्दाम शेख उर्फ सलमान को देकर नगर निगम कार्यालय में जमा करवाने और फर्जी दस्तावेज और मृत्यु प्रमाण पत्र से शासकीय योजना का लाभ लेना स्वीकार कर लिया.

इस पर पुलिस ने विधिवत रूप से शेख शहजाद के अलावा आकिब रफीक और रजा चौक मक्का नगर हनुमानताल निवासी मो. सद्दाम शेख उर्फ सलमान को गिर तार किया. साथ ही उनके पास से 40 फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जब्त किए।

# युवक को धर्मान्तरण के लिए प्रताड़ित वाले दंपत्ति को कोर्ट ने सुनाई सजा

**सागर के कैंट थाना क्षेत्र का मामला.**

सागर। 3 वर्ष पहले कैंट थाना क्षेत्र में सामने आए धर्मान्तरण मामले में जिला न्यायालय ने अपन निर्णय सुना दिया है. कोर्ट ने इस मामले में मिशनरी एजेंट दंपत्ति रमेश मसीह और उसकी पत्नी सखी मसीह को 2-2 वर्ष कारावास सहित 25-25 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है. करीब 3 वर्ष पहले कैंट थाना निवासी मजदूर अभिषेक अहिरवार ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी की जब वह अपनी पत्नी को लेने ससुराल पहुंचा तो उसके रिश्तेदार जो की धर्मतरित हो चुके हैं उन्होंने उसकी




पत्नी को ससुराल नहीं आने दिया. साथ ही पति अभिषेक पर पत्नी को साथ ले जाने के बदले ईसाई मत अपनाने का दबाब बनाया. जब अभिषेक ने उनकी बात मानने से इंकार किया तो आरोपी दंपत्ति ने अभिषेक को 20 हजार रूपए प्रतिमाह और नौकरी दिलाने का झांसा भी दिया, अभिषेक के पुनः इंकार करने पर उन्होंने उसकी पत्नी को अभिषेक के साथ नहीं आने दिया, जिसके बाद पीड़ित अभिषेक ने कैंट थाने में इसकी शिकायत की. पुलिस जाँच में अभिषेक की बात प्रमाणित हुई जिसके बाद आरोपी द पत्ति को गिर तार कर लिया गया. कोर्ट में बहस के दौरान आरोपी दंपत्ति के वकील ने यह तर्क भी दिया की जिन्हें आरोपी बताया जा रहा है आप उनके कागज देख सकते हैं वह ईसाई नहीं हैं तो उनके द्वारा किसी का कैसे धर्मान्तरण कराया जा सकता है. इसपर कोर्ट ने भी बड़ी कड़ी टिपण्णी करते हुए कहा की आजकल सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऐसे लोग अपने कागजों में परिवर्तन नहीं कराते हैं इसका तात्पर्य यह नहीं की वह निर्दोष हैं. इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा की अर्थदंड नहीं भरने की स्थिति में आरोपी दंपत्ति की सजा में 6 माह की और वृद्धि की जाएगी. संभवतः क्षेत्र में धर्मान्तरण के मामले में यह पहली सजा है

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश देश का न बर वन राज्य बनेगा - मु यमंत्री

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकारों के निरंतर प्रयासों के परिणाम स्वरूप मध्यप्रदेश विकसित प्रदेश के रूप में स्थापित होने के मार्ग पर अग्रसर है। पहले की सरकारों में मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था। जीडीपी में मध्यप्रदेश का योगदान लगभग 4.5 प्रतिशत है, जिसे क्रमबद्ध रूप से 9 प्रतिशत तक करने के लिए प्रयास जारी हैं। हमारी सरकार ने एक बार भी ओवर ड्रा ट नहीं लिया है, जबकि विपक्षी दलों की सरकार में लगभग हर दो माह में ओवर ड्रा ट की स्थिति बनती थी। प्रदेश सभी दिशाओं में सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। कृषि विकास दर 25 प्रतिशत है। यह विश्व के किसी भी राज्य की सर्वाधिक विकास दर है । प्रदेश की औद्योगिक विकास दर 24 प्रतिशत है। प्रदेश का सिंचित क्षेत्र भी लगातार बढ़ रहा है, लगभग 56 हजार हे टर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है,जिसे बढ़ाकर

**मध्यप्रदेश विकसित राज्य के रूप में स्थापित होने के मार्ग पर अग्रसर है**
**जीडीपी में मध्यप्रदेश के योगदान को 9 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध**
**सनातन संस्कृति के विभिन्न आयामों के प्रदर्शन के लिए विकसित किया गया महाकाल महालोक**
**राज्य सरकार जनता से जुड़कर जन हितैषी निर्णयों को तेजी से लागू कर रही है**
**सामान्य विश्वविद्यालयों में भी की गई है कृषि और हार्टिकल्चर के अध्ययन की व्यवस्था**
**युवाओं को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा रहा**
**मु यमंत्री डॉ.मोहन यादव नई दिल्ली में मीडिया समूह द्वारा अयोजित चर्चा में हुए शामिल**

एक लाख हे टर करने का लक्ष्य है। प्रदेश में सबसे पहले नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में प्रदेश को देश में न बर बनाने के लिए नीति आयोग के माध्यम से विभिन्न विभागों के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। मु यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में मीडिया समूह द्वारा अयोजित चर्चा में यह विचार व्यक्त किए।

**सनातन संस्कृति की दुर्गायन , कृष्णायन, शिवायन पर पराएं उज्जैन से जुड़ी हैं**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर प्रदेश के कई शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया गया है। इसी क्रम में उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर परिसर में सनातन संस्कृति के विभिन्न पहलुओं की जानकारी आमजन को सरलता पूवर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाकाल महालोक विकसित किया गया। सनातन संस्कृति की दुर्गायन , कृष्णायन, शिवायन पर पराएं उज्जैन से जुड़ी हैं। उज्जैन, भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा स्थली रही , दुर्गायान के अंतर्गत हरसिद्धी माता की शक्ति पीठ है, साथ ही शैव पर परा भी उज्जैन में सशक्त रूप से विद्यमान है। इन सभी प्रसंगों को समझाने और आध्यात्मिक सिद्धांतों की सरलता से जानकारी देने के उद्देश्य से दृश्य रूप से प्रस्तुतिकरण किया गया और कई प्रतिमाओं का निर्माण कराया गया। गत दिनों प्राकृतिक आपदा के परिणाम स्वरूप कुछ मूर्तियां क्षतिग्रस्त हुई जिन्हें निर्माण एजेंसी द्वारा अनुबंध के अनुसार पुन- संधारित कराया गया।

**नदी जोड़ो अभियान को निर्णायक रूप प्रदान किया जा रहा है**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जारी विकास के उत्सव में देश की जनता प्रतिबद्धता से शामिल रहेगी। विकास और जनकल्याण को समर्पित राज्य सरकार पर प्रदेशवासियों का विश्वास है। राज्य सरकार जनता से जुड़कर जन हितैषी निर्णयों को तेजी से लागू कर रही है। लगभग तीन माह में हमने सभी क्षेत्रों में प्रगति की है। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के प्रयासों से निमाड़, मालवा और महाकौशल में नर्मदा नदी के दोनों और सिंचित क्षेत्र बढ़ा है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ों अभियान का क्रियान्वयन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किया गया है। इसके अंतर्गत केन -बेतवा नदी जोड़ो अभियान को निर्णायक स्वरूप प्रदान किया गया है। बीस साल से लंबित पार्वती-काली सिंध चंबल परियोजना को गति प्रदान की गई है। सत्तर हजार करोड़ की इस परियोजना से पश्चिमी मध्यप्रदेश के 13 जिलों को लाभ होगा। जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में होने वाले कोंदो-कुटकी और अन्य मोटे अनाजों के लिए एक हजार रुपए प्रति क्विंटल का प्रोत्साहन दिया गया है। इनके उत्पादों के लिए खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की श्रृं ला विकसित की जा रही है। मध्यप्रदेश कृषि आधारित राज्य है, अत- कृषि की पढ़ाई को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विश्वविद्यालयों के अलावा सामान्य विश्वविद्यालयों में भी कृषि और हार्टिकल्चर के अध्ययन की व्यवस्था की गई है।

**व्यायाम, योग सहित अन्य उपयोगी विधाएं भी पाठ्यक्रम का हिस्सा बनें**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं को शिक्षा और ज्ञानार्जन के लिए प्रोत्साहित करने के साथ स्वस्थ जीवन जीने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि व्यायाम, योग व शारीरिक सौष्ठव सहित अन्य उपयोगी विधाएं भी पाठ्यक्रम का हिस्सा बनें। स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्ये मस्तिष्क का वास होता है, इस तथ्य से सभी को अवगत कराना आवश्यक है।

# प्रदेश की छह ऐतिहासिक धरोहरें यूनेस्को अस्थायी सूची में हुई शामिल

भोपाल। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने मध्य प्रदेश के छह दर्शनीय स्थलों को अपनी अस्थायी सूची में शामिल किया है। ये दर्शनीय स्थल ग्वालियर किला, धमनार का ऐतिहासिक समूह, भोजेश्वर महादेव मंदिर-भोजपुर, चंबल घाटी के रॉक कला स्थल, खूनी भंडारा, बुरहानपुर एवं रामनगर और मंडला का गोंड स्मारक हैं। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की महान संस्कृति एवं स यता विश्व पटल पर भी प्रतिष्ठित हो रही है। यूनेस्को के विश्व हेरिटेज सेंटर द्वारा भारत की अस्थायी सूची में मध्यप्रदेश की छह धरोहरों को स मिलित किया गया है। मध्यप्रदेश की अद्भुत एवं सांस्कृतिक धरोहर अब विश्व धरोहर के रूप में होगी प्रतिष्ठित होंगी। इस गौरव के क्षण के लिए मु यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक म.प्र. टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शु ला ने बताया कि प्रदेश के लिये यह गौरव विषय है।

यशोन्नति



# 40 एकड़ मे लगी गेहूं की फसल जलकर खाक

## विद्युत पोल मे शॉर्ट सर्किट से लगी आग।

छपारा यशोः-जनपद पंचायत छपारा के अंतर्गत आने वाली पंचायत दरबई के ग्राम ऊटेकटा में विद्युत पोल में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगभग 30-40 एकड़ खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई । जिन किसानों के खेत में गेहूं की फसल नष्ट हुई है उनमें महेश चंद्रवंशी, गोरेलाल, नारायण, रामकरण जगदीश,महालाल, कालिया बाई परते,नेहरू परते,अवध कुमार परते आदि और भी किसानों के खेतों में शॉर्ट सर्किट की वजह से गेहूं की फसल चलकर खाक हो गई विद्युत विभाग की लापरवाही से किसानों की फसलों का नुकसान होता है पर किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता।

# चुनाव आयोग का निरंकुश और अपारदर्शी होना देश के लिए खतरनाक -भाकपा

सिवनी यशोः- वर्तमान समय में चुनाव आयोग में दो सदस्य ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू को ले लिया गया है इस तरह चुनाव आयोग में तीन सदस्यों की खानापूर्ति हो चुकी है परंतु इसमें देश के मु य न्यायाधीश को नहीं लिया गया है` योंकि मोदी सरकार ने सरकार समर्थक अधिकारियों को चुनाव आयोग में बैठा दिया है मोदी सरकार ने यह नियम बना दिया है कि चुनाव आयुक्त जो भी फैसला लेंगे उनके खिलाफ ना तो प्राथमिक की दर्ज की जा सकेगी और ना ही उन्हें कोर्ट में चुनौती दी जा सकेगी इस तरह से चुनाव निरंकुश हो जावेगा जो की देश की प्रजातांत्रिक व्यवस्था के लिए बहुत ही खतरनाक है प्रजातंत्र में जो भी फैसले लिए जाते हैं वे सब जनता के हित में एवं जनता की जवाब देही में होते हैं परंतु भाजपा की मोदी सरकार ने इस तरह व्यवस्था कर दी है कि चुनाव आयोग के सदस्यों के चुनाव में सुप्रीम कोर्ट के मु य न्यायाधीश को अलग कर दिया है।

अतः भारतीय क युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड डीडी वासनिक के साथ राजेंद्र जायसवाल ओम प्रकाश बोर्ड डॉ बी सी ओके तीर्थ प्रसाद गजभिए किरण प्रकाश अशोक साहू राहुल कुमार यीशु प्रकाश अंगद सिंह बघेल धनीराम बांदीवर आदि ने चुनाव आयोग में अपने मनमर्जी से सदस्यों को लेने की प्रक्रिया को देश के लिए खतरनाक माना है` योंकि इससे चुनाव आयोग निरंकुश हो जाएगा और प्रजातांत्रिक व्यवस्था में नई सरकार बनाने के लिए स्वस्थ रूप से देश का चुनाव होना पक्षपात पूर्ण होगा।

# पार्षद को राष्ट्रीय दल के प्रत्याशी बनाये जाने पर नपा कार्यालय में हुआ स्वागत

## भारती पारधी का स मान कर पार्षद साथियों ने जताया हर्ष

बालाघाट यशोः- नगर पालिका परिषद सभाकक्ष में 16 मार्च को स मान एवं स्वागत समारोह आयोजित हुआ। जिसमें सभी पार्षद साथियों एवं नपा कर्मियों ने पार्षद श्रीमती भारती पारधी को राष्ट्रीय राजनैतिक दल द्वारा प्रत्याशी बनाये जाने को लेकर हर्ष जताते हुए उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, पूर्व नपा उपाध्यक्ष आशा बिसेन, नगर अध्यक्ष सुरजीतसिंह ठाकुर, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति सुधीर चिले, वकील वाधवा, सरिता सोनेकर,संगीता कावरे,वंदना बारमाटे, कमलेश पांचे, मानक बर्वे, पार्षद समीर जायसवाल, राज हरिनखेड़े, उज्जवल आमाडारे, श्वेता सौरभ जैन, योगिता विनय बोपचे, गिरीश कावड़े, बीना सुनील वर्मा, संगीता गंगाबहादुर थापा, रैना धीरज सुराना, आमराह खान, नसगीस खान, दीनू बसेने सहित राजेश लिल्हारे, सोनू कहार, सरोज बर्वे, सुधीर गुड्डू चौधरी, सुनील खोटोले, गणेश अग्रवाल, मनोज हरिनखेड़े, डॉ. अक्षय कटरे, नगरपालिका प्ररिषद के सीएमओ, राजस्व प्रभारी बीएल लिल्हारे, अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्वच्छता कर्मियों ने पार्षद भारती पारधी का आत्मीय अभिनंदन किया।

### नगरपालिका पार्षद बनना रहा शुभंकर- भारती पारधी



स्वागत समारोह आयोजन के दौरान राष्ट्रीय राजनैतिक दल की प्रत्याशी बनाये जाने पर पार्षद भारती पारधी ने कहा कि मैं अपने आप को भाग्यशाली समझती हूं ल बे समय से राजनीति में थी तो प्रयास करती रही लेकिन तब किस्मत के दरवाजे नहीं खुले थे, जुलाई 2022 में हमारी परिषद ने कार्यभार संभाला था जिसका मैं भी एक हिस्सा हूं और नगरपालिका में प्रवेश मेरे लिये शुभंकर रहा है मैने सोचा भी नहीं था कि राष्ट्रीय राजनैतिक दल मुझे प्रत्याशी बनाएगा। उन्होंने कहा कि पार्षद के तौर पर मैने नगर व वार्डवासियों की सेवा की है और विभिन्न प्रयासों से हर वर्ग के लिये चिंता करने का काम किया है यही वजह है कि मुझे देश की सेवा करने का प्रत्याशी बनाने पर मौका मिला है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका में पक्ष-विपक्ष के पार्षदों और नपा कर्मियों ने मुझे स मान में कोई कमी नहीं की है सभी को मैं धन्यवाद ज्ञापित करती हूं।मैं नगर विकास के लिये हर समय तत्पर रहकर सहनाम भारती ठाकुर व स पूर्ण परिषद का सहयोग करूँगी ।

### नगर और जिले के लिये गर्व का विषय-रंगलानी

इस मौके पर पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी ने कहा कि हम सेवाकार्य में जुटे रहते है और निस्वार्थ भाव से हर किसी के लिये कुछ करने का अवसर हमारे पास होता है, यही वजह है कि इसका कभी ना कभी फायदा जरूर मिलता है आज नगरपालिका के पार्षद को राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है यह हमारे नगर और जिले के लिये बड़ी बात है।

### पार्षद के तौर पर निभाया है दायित्व- सुरजीत

भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीतसिंह ठाकुर ने कहा कि गर्व का विषय है कि पार्षद को आज राजनीतिक दल इस मुकाम पर पहुंचा रहा है जहां विजयी होने के उपरांत देशसेवा का जि मा उनके कांधों पर होगा, जिस तरह से पार्षद के नाते भारती पारधी ने अपनी भूमिका निभाई है वह उनके राजनीतिक और सामाजिक कार्यो का ही प्रतिफल है कि आज वे पार्षद पद से लेकर सांसद पद तक पहुंचने के लिये तैयारी कर रही है।

### पार्षद का सांसद चुनाव लड़ना गर्व की बात- नपाध्यक्ष भारती ठाकुर

नपाध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने कहा कि कोई पद छोटा या बड़ा नहीं होता है कार्य करने वाले पर निर्भर होता है कि वह अपनी जवाबदेही किस तरह निभाता है, आज हमारी परिषद की सदस्य हमारी बड़ी बहन श्रीमती भारती पारधी राष्ट्रीय राजनैतिक दल से चुनाव लडने जा रही है यह हम सभी के लिये हर्ष व गर्व का विषय है, मैं अध्यक्ष होने के पहले अपने वार्ड की पार्षद हूं और जिस तरह पार्षद की भूमिका परिषद में होती है वह चुनौतीपूर्ण है और इसी से अपेक्षा की जा सकती है कि पार्षद व मेरी मार्गदर्शक के रूप में उन्होंने जिस तरह कार्य किया है उसका लाभ उन्हें आगामी समय में भी मिलेगा, मैं अपनी परिषद की ओर से पार्षद श्रीमती पारधी को धन्यवाद देती हूं, और उन्हें विजयश्री की अग्रिम शुभकामनाएँ देती हूँ । साथ ही आज हमने हमारे सांसद डॉ. ढाल सिंह बिसेनजी को भी उनका धन्यवाद देने नगर विकास में सहयोग देने कार्यक्रम में आमंत्रित किया था लेकिन किसी कारणवस वे नहीं आ पाये उन्होंने नगर विकास व जनहित में सदैव हमारी परिषद की सहयोग किया है अभी कुछ दिन पूर्व ही उन्होंने हमें नगर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान को मिनी स्टेडियम सहित अलग-अलग कार्यों के लिये 14 करोड़ की राशि प्रदान करी है वहीं समय-समय पर उन्होंने रेलवे सहित अनेक विषयों पर संसद के अंदर अपनी बातें पूरी प्रमाणिकता से रखीं हैं जिसके परिणाम विकास के रूप में हमें देखने मिले हैं जिसके लिये मैं समस्त नगरवासियों की ओर से उन्हें धन्यवाद देती हूँ ,

वहीं आज कुछ मीडिया के बंधुओं द्वारा बताया गया कि किसी सोशल मीडिया पोस्ट में उनकी फ़ोटो नहीं है, जबकि ऐसा नहीं है किसी से धोखे से ऐसा हो गया होगा,कार्यक्रम के बैकग्राउंड में लगे ले स में उन्हें सांसद के तौर पर स मानीय स्थान दिया गया है वे हमारे मार्गदर्शक और वरिष्ठ नेता हैं वे सांसद विधायक रहें ना रहें हम हर समय उन्हें और हमारे सभी वरिष्ठ नेताओं का उसी तरह स मान करेंगे जैसे करना चाहिए और सभी वरिष्ठों के मार्गदर्शन में ही हमारी परिषद मिलकर काम कर रही है ।

# शुभ हूँ, मैं कल्याणी हूँ, हर्ष और उल्लास की दात्री हूँ, मैं नारी हूँ- बासु कनौजिया

## धरा के समस्त सौंदर्य नारी के बिना अस्तित्वहीन है - तिवारी

### देश के समग्र विकास में महिलाओं का अहम योगदान है- तिवारी

छपारा यशोः- नगर के शासकीय आई टी आई कॉलेज छपारा में गत दिवस महिला दिवस का आयोजन सुश्री बासु कनौजिया डी.एफ.ओं.के मु य आतिथ्य में किया गया।




मु य अतिथि का माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सुश्री बासु कनौजिया ने कहा कि आत्मनिर्भरता महिला सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण कारक है जिसमें शिक्षा की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी छात्राएं अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्ति का पूरे मनोयोग से प्रयास करने से सफलता अवश्य भावी है। उन्होनें अपनें डी.एफ.ओं बननें तक सफर को भी बच्चों कें साथ साझा किया । अपनी बात को समाप्त करते हुए उन्होनें वन जीवों की जि मेदारी वन विभाग के अतिरिक्त आम नागरिकों की भी है इसें खूबसूरत अंदाज में उपस्थित छात्र-छात्राओं कों समझाया ।

साथ ही छपारा नगर की सफल महिला उद्यमी वंदना दुबे ने कहा कि अपने स्वरोजगार को स्थापित करने में परिवार के योगदान को प्रतिपादित किया और कहां कि सभी सास - ससुर इस प्रकार सहयोग दें तो हर स्त्री उन्नति कर सकती है और समाज और देश आगे बढ़ सकता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रंजना गुप्ता ने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति व शिक्षा ने नारी मन को उच्चआकांक्षाओं सपनो के सप्तरंग व अंतर्मन की परतों को खोलने की राह दी है। कॉलेज प्राचार्य नलिन तिवारी ने कहा कि अगर नारी अपने पूरे प्रेम अपने पूरे संगीत, अपने पूरे काव्य, अपने व्यक्तित्व के पूरे फूलों को लेकर छा जाए तो इस जगत से युद्ध बंद हो सकते है। कौशल संवर्धन इक्कीसवीं सदी में महिला सशक्तिकरण का ब्रह्मास्त्र है। धरा के सारे सौंदर्य नारी के बिना अस्तित्वहीन है। नारी को सुरक्षिता से स्वरक्षिता बनना होगा। नारी विधाता की उत्कृष्ट कृति है। सृजन का दायित्व प्रकृति ने नारी को सौंपा है। देश के समग्र विकास में महिलाओं का अहम भूमिका है। संजय कुमार उइकें ने कहा कि महिला दिवस मनानें का मु य उद्धेदश्य महिला व पुरूषों में समानता लाने व महिलाओं कों उनकें अधिकारों कें बारें में जागरूक करनें कें उद्धेश्य सें मनाया जाता है । सतीश सूर्यवंशी ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर काम कर रही हैं। सतीश कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि स्त्री और पुरूष रथ के दो पहिए है।

# लेखा प्रशिक्षण 01 अप्रैल 2024 से 15 जून 2024 तक

सिवनी यशोः- प्रभारी प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर द्वारा बताया गया कि शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 01 अप्रैल 2024 से से प्रारंभ किया जायेगा। संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो म. प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति हेतु उल्लेखित अनिवार्य अर्हता पूरी करते हैं एवं सहायक ग्रेड-3 के पद पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर लिया है ऐसे कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।उक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन 21 मार्च 2024 शाम 5 बजे तक इस कार्यालय में जमा किये जावेंगे। उक्त प्रशिक्षण शासकीय कर्मचारियों के लिये निःशुल्क है एवं अर्धशासकीय, निगम, मंडल एवं निकाय के कर्मचारियों को म. प्र. शासन द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क 2,000/- का चालान सत्र में प्रवेश होने पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

# बालाघाट में एक दिवसीय आयुष्मान शिविर संपन्न

बालाघाट यशोः- नगरपालिका क्षेत्र बालाघाट में कल शनिवार को एक दिवसीय निःशुल्क आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 88 हितग्राहियों ने अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया एवं दो दर्जन कार्ड धारकों द्वारा अपने आयुष्मान को अपडेट करवाया गया। शिविर की प्रभारी श्रीमति नूतन ताम्रकार द्वारा शिविर के संबंध में बताया गया कि चुनाव आचार संहिता के कारण 17 मार्च का आयोजन 16 मार्च को 3 बजे तक करना पड़ा। आयुष्मान कार्ड के साथसाथ नागरिकों द्वारा समग्र-खसरा केवायसी भी करवायी गई। शिविर में ऋतु शरणागत, राजेश बैस, ओमप्रकाश मूलचंदानी, अभय जैन, अरूण जायसवाल, सूर्या पटले, रूदांश ताम्रकार सहित अनेक गणमान्य नागरिकों का सहयोग प्राप्त हुआ।

# शिशु मंदिर परिवार ने मनाया जिला सचिव विनीत अग्रवाल का जन्मदिन



सिवनी यशोः- सिवनी नगर के धार्मिक, सामाजिक क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय रहने वाले विद्याभारती जिला सिवनी के जिला सचिव रजवाडा लॉन के संचालक, गौ प्रेमी विनीत अग्रवाल(मंटू भैया) का जन्मदिन हर्षोल्लास के वातावरण म `सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी के आचार्य परिवार द्वारा मनाया गया। आयोजन में अध्यक्ष दीपकसाहू, व्यवस्थापक नितिनजी चौधरी, छिन्दवाडा विभाग समन्वयक चुन्नीलाल बोपचे, प्राचार्य श्रीओमप्रकाश जी यादव सहित समस्त आचार्य परिवार के द्वारा मंटू भैया को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाए`देते हुए उनके यशस्वी उज्जवल भविष्य की कामना की। आदरणीय विनीतजी का समस्त उपस्थित जनों द्वारा तिलक चंदन वंदन से अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। उपस्थित विभाग समन्वयक श्रीबोपचे, व्यवस्थापक श्री नितिन चौधरी ने उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके सेवा भावी एवं उदार स्वभाव की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अपने उद्बोधन में श्री मंटू अग्रवाल ने अपने जीवन निर्माण में सरस्वती शिशुमंदिर के योगदान की चर्चा करते हुए आशा व्यक्त की, कि विद्यालय अपन `गौरवमयी स्वरूप को बनाए रखते हुए दिन प्रतिदिन उन्नति के शिखर को छुएगा।

# भाजपा का नया नारा तुम हमे चंदा दो-हम तु हें धंधा देंगे- कांग्रेस

सिवनी यशोः- भाजपा देश का पैसा किस तरह लूट रही है इसका खुलासा माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पता चलता है, सुप्रीम कोर्ट द्वारा इले टोरल बॉन्ड पर रोक लगा दी गई। यह भाजपा ने केन्द्रीय ऐजेंसियों को डर बताकर पूंजीपतियो से चंदा एकत्रित करने का साधन बना लिया था। जिस तरह भाजपा देश में सरकार चला रही है उससे स्पष्ट है कि ब्लेकमेल, रंगदारी, लूट, जबरदस्ती किसी भी तरह यह पार्टी चंदे के नाम से अपने खजाने भरने के लिए असंवैधानिक और अवैध तरीकों का इस्तेमाल कर रहे है।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से कुल 22,217 इले टोरल बॉन्ड बेचे गये है हर बॉन्ड पर भाजपा द्वारा घोटाला किया गया है, 2 अप्रेल 2022 यूचर गेंमिंग एंड होटल सर्विसेज की 409 करोड़ की संपत्ति ईडी ने अटैच की। 7 अप्रेल 2022 क पनी ने 1000 करोड़ रू. इले टोरल बॉन्ड खरीदकर चंदा दिया, इस क पनी पर फिर कोई कार्यवाही नही हुई। अप्रेल 2023 मेंगाइंजीनियरिंग ने भाजपा को करोड़ो का चंदा दिया, मई 2023 मेंघा इंजीनिरिंग को 14,400 करोड़ का प्रोजे ट मिल गया। 18 अगस्त 2022 सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के मालिक पूना वाला ने 52 करोड़ का चंदा दिया। 22 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी की पूनावाला से मुलाकात हुई और कोविड़ वै सीन पर सीरम इंस्टीट्यूट पर एकाधिकार हो गया। खनन समूह वेदांता ने 400 करोड़ इले टोरल बांन्ड दान किये फिर सरकारी क पनी बीपीसीएल वेदांता समूह को सौप दी गई। नवयुग इंजीनिरींग क पनी ने 90 करोड़ के इले टोरल बॉन्ड खरीदे यह वही क पनी थी जो उत्तराखंण्ड में सुरंग बना रही थी, सुरंग में कार्य करते हुये 41 मजदूर 41 दिन फसे रहें, मामले की जॉच तक नही की गई। गाजियाबाद स्थित यशोदा हॉस्पिटल पर कोविड के दौरान जनता से वसूली के आरोप लगे, छापा पड़ा। यशोदा हॉस्पिटल ने 162 करोड़ के बॉन्ड खरीदे मामला रफादफा हो गया। टोरेंटो पॉवर नाम की क पनी ने भाजपा को 86.5 करोड़ का चंदा दिया, क पनी को गुजरात में 47000 हजार करोड़ का प्रोजे ट मिल गया। मित्तल ग्रुप ने भाजपा को चंदा दिया, भाजपा सरकार ने मित्तल ग्रुप को गुजरात में सबसे बडा काम दिया।

भाजपा पैसे के लिए इस हद तक गिर सकती है कि जिस पाकिस्तानी हब पॉवर क पनी का नाम सैनिको को शहीद करने के लिए पुलवामा हमले में आ रहा था उस क पनी ने भी भारत में इले टोरल बॉन्ड खरीदा, यही कारण था कि राज्यपाल के द्वारा अनेक सबूत देने के बाद भी भाजपा सरकार ने पुलवामा हमले की जांच कराना उचित नही समझा। माननीय सुप्रीम कोर्ट यदि स्टेट बैंक को इले टोरल बॉन्ड के संबंध में तत्काल जानकारी देने के लिए आदेशित नही करती तो भाजपा के इशारो में काम कर रहा स्टेट बैंक यही जानकारी देने के लिए 5 महिने का समय इस लिए मांग रहा था ताकि पहले से भ्रष्टाचार के दाग में मैली चादर लोकसभा चुनाव के समय और मैली ना हो जाये। भाजपा द्वारा इले टोरल बॉन्ड से किया गया घोटाला, देश में सबसे बहुत बड़ा घोटाला है। माननीय सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग को देश को लूटने वाली भाजपा पर आजीवन प्रतिबंध लगा देनी चाहिये।

# 18 से 20 मार्च तक समस्त अधिवक्ता हड़ताल पर

**वर्तमान स्थल पर ही जिला न्यायालय के विस्तारीकरण की मांग लेकर**

**अधिवक्ता न्यायालय के स्थान परिवर्तन के प्रस्ताव का कर रहे है विरोध**

**न्यायालय नागपुर रोड बीज निगम की भूमि में स्थानांतरित करना है प्रस्तावित**

सिवनी यशोः- वर्तमान जिला न्यायालय भवन के विस्तारीकरण की मांग को लेकर जिला अधिवक्ता संघ सिवनी द्वारा आम सभा आहुत की गई थी उक्त आम सभा मे उपस्थित समस्त अधिवक्ताओं के निर्णयानुसार जिला अधिवक्ता संघ सिवनी में पंजीकृत समस्त अधिवक्ता, नोटरी अधिवक्ता, शपथ आयुक्त, अधिवक्ता लिपिकगण सिवनी व तहसील बरघाट एवं कुरई के समस्त अधिवक्तागण, नोटरी अधिवक्ता व लिपिकगण दिनाँक 18 मार्च 2024 से 20 मार्च तक 2024 तक समस्त न्यायालीन कार्यो से विरत रहते हुए लगातार तीन दिवस तक वृहत रूप में सिवनी न्यायालय परिसर के प्रमुख गेट के सामने अपनी उपस्तिथि दर्ज करेंगे ।

शासन द्वारा नागपुर रोड स्थित बीज निगम की भूमि नवीन न्यायालय भवन के लिए आवंटित की गई है उपरोक्त बीज निगम की भूमि आम जनता हेतु सुविधा जनक नही है` योंकि वर्तमान सिवनी सिविल न्यायालय भवन से लगे हुए कले ट्रेरेट परिसर में कले टर एवं अपर कले टर न्यायालय भवन, राजस्व न्यायालय भवन , अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय सिवनी, श्रीमान पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिवनी, पंजीयक कार्यालय सिवनी एवं अन्य विभागीय कार्यालय स्थित है एवं मांग की गई भूमि पर नवीन सिविल न्यायालय भवन बनाये जाने पर आम जनता को वहां अपने कार्यों को करवाने एवं पेशी तारीखों में पहुँचने के लिए अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा ।

उक्त भूमि आवंटन को लेकर जिला अधिवक्ता संघ सिवनी द्वारा व अन्य सामाजिक संगठनों व सत्ता व विपक्ष के व्दारा आपत्तिया प्रस्तुत की गई उक्त आपत्तियों को सुने बिना जिला कले टर सिवनी द्वारा अपनी मनमानी करते हुए बीज निगम की भूमि का आवंटन कर दिया गया । वर्तमान सिवनी न्यायालय भवन सिवनी नगर का ह्रदय स्थल है साथ ही शांत क्षेत्र की परिधि में आता है । *जिला अधिवक्ता संघ सिवनी की लंबे समय से चली आ रही वर्तमान न्यायालय भवन के विस्तारीकरण की प्रमुख मांग को जिला कले टर सिवनी एवं प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश महोदय सिवनी व सत्ता पक्ष के नेताओ द्वाराा लगातार अनदेखी की जा रही है । उक्त मांग को लेकर अधिवक्ता संघ सिवनी द्वारा माननीय मु य न्यायाधिपति महोदय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर एवं माननीय मु यमंत्री महोदय मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौपेंगे । जिला अधिवक्ता संघ सिवनी व्दारा सिवनी के समस्त नागरिको से सामाजिक संगठनों से राजनीतिक पार्टियों व विपक्ष पार्टियो के लोगो से अपील की है कि अधिवक्ता संघ की इस लड़ाई में आगे आकर अधिवक्ता संघ सिवनी का साथ देवे` योंकि ये लड़ाई जनता के हितो की लड़ाई है । आम नागरिकों को समझना चाहिए कि वर्तमान न्यायालय परिसर शहर से दूर चला जाएगा पक्षकारों को व आम नागरिकों को न्यायालय में अपने कार्यो को करवाने हेतु शहर से दूर एकांत जगह पर जाना पड़ेगा जिससे आम जनता व पक्षकारो व गवाहों को अतिरिक्त समय व आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ेगा ।

# नवसाक्षर (परीक्षार्थी) परीक्षा का आयोजन आज

सिवनी यशोः- जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल आदेशानुसार साक्षरता दर बढ़ाने हेतु भारत सरकार के निर्देश पालन में संचालित ''उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम'' अंतर्गत कले टर सह जिला मिशन संचालक श्री क्षितिज सिंघल एवं मु य कार्यपालन अधिकारी सह जिला परियोजना संचालक के निर्देशन में रविवार 17 मार्च 2024 को नवसाक्षरों की मूलभूत साक्षरता एवं सं यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिले के 13497 नवसाक्षर (परीक्षार्थी) परीक्षा में स मिलित होगें। परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक रहेगा तथा परीक्षा तीन घंटे की रहेगी, परीक्षा तिथि में परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार परीक्षा केन्द्र आ सकता है। नवसाक्षरों को परीक्षा केन्द्र तक लाने में अक्षर साथी, सामाजिक संस्था, वरिष्ठ नागरिकों, एन.एस.एस, एन.सी.सी, भारत स्काउट गाइड, नेहरू युवा केन्द्र, जन अभियान परिषद, मु यमंत्री नेतृत्व विकास पाठयक्रम के छात्र/छात्राओं का सहयोग ले सकते है। परीक्षा में ऐसे नवसाक्षर शामिल होगें, जो नवभारत साक्षरता कार्यकम अंतर्गत सर्वे के द्वारा चिन्हांकित किये गये हैं तथा अक्षर साथियों के द्वारा नामांकन किया जाकर एनसीईआरटी या राज्य शिक्षा केन्द्र, द्वारा तैयार की गई अक्षर पोथी प्रवेशिका से अध्ययन कार्य किया हो, पूर्व के ऐसे नवसाक्षर जिन्होंने साक्षरता अभियान अंतर्गत संचालित कक्षाओं में प्रवेशिका पूर्ण कर अंतरिम मूल्याकंन में सफलता अर्जित की हो, किन्तु प्रमाणीकरण नहीं किया जा सका हो, ऐसे व्यक्ति जो पूर्व में शिक्षा प्राप्त कर चुके है किन्तु उनके पास किसी प्रकार का प्रमाणीकरण ना हो तथा उनकी उम्र 15 वर्ष या अधिक हो।

परीक्षा केन्द्र शासकीय विद्यालय/पंचायत भवन/सामाजिक चेतना केन्द्र में होंगे जो कि उपलब्ध सुविधाओं पर निर्भर करेगा। परीक्षा केन्द्र में उपयुक्त प्रबंध के साथ-साथ अन्य प्रबंध जैसे पीने का पानी, टेबिल कुर्सी, फर्श टाटपटटी आदि की व्यवस्था की जावेगी। शासकीय स्कूलों के प्रधानाध्यापक/प्राचार्य परीक्षा केन्द्र प्रभारी होगें और परीक्षा के आयोजन के साथ जुडी समस्त गतिविधियों के लिए उत्तरदायी होगे। कुल मूल्यांकन 150 अंको का होगा, जिसमें पढ़ना-50, लिखना-50 एवं गणित-50 अंक निर्धारित किये गये है। प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त होने पर ही परीक्षा में उत्तीर्ण माना जावेगा। 33 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त होने पर संबंधित के परीक्षा परिणाम में ''सुधार की आवश्यकता'' लिखा जावेगा।

